# ‘हेमेरा में नया 33 के.वी. सब स्टेशन बनने से वोल्टेज ट्रिपिंग से निजात मिलेगी’

**बीकानेर,**(कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने हेमेरा में 33 केवी सब स्टेशन का शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गोदारा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पुराने सब स्टेशन में क्षमता वर्धन के साथ-साथ नए जीएसएस का निर्माण करवाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हेमेरा में नया 33 केवी सब स्टेशन निर्मित होने से क्षेत्र के निवासियों को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति हो सकेगी तथा वोल्टेज ट्रिपिंग की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को लाभ होगा। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।



हेमेरा में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने 33 के.वी. सब स्टेशन के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया।

गोदारा ने कहा कि विकसित लूणकरनसर, शिक्षित लूणकरनसर की संकल्पना को साकार रूप देने के लिए हाल ही में शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 12 करोड़ रूपए स्वीकृत करवाए गए हैं। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने की बेहतरीन सुविधाएं मिल सकेंगी। भविष्य में भी आवश्यकतानुसार नये कार्य स्वीकृत करवाए जायेंगे। साथ ही शिक्षकों की कमी भी दूर करवाई जायेगी। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र उनकी प्राथमिकताओं में है।

क्षेत्र में हर ढाणी तक पानी पहुंचे, बिजली मिले इस दिशा में गंभीरता से प्रयास किए जायेंगे। हेमेरा में जीएसएस शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मंत्री गोदारा का अभिनंदन कर आभार प्रकट किया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से गांव में अन्य बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने की भी मांग की गई। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

- **कतरियासर में जसनाथ महाराज का पैनोरमा निर्माण के लिए भूमि का मौका मुआयना किया**

कतरियासर में जसनाथ महाराज पैनोरमा निर्माण के लिए भूमि का किया मौका मुआयना किया। इससे पहले गोदारा ने नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक जसनाथ महारज का पैनोरमा निर्माण के लिए कतरियासर में भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस धाम के धार्मिक महत्व को देखते हुए यहां पैनोरमा के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित कर पैनोरमा निर्माण करवाया जायेगा। इस पैनोरमा के निर्माण होने से क्षेत्र में धार्मिक टूरिज्म विकसित होने की दिशा में भी मदद मिलेगी और रोजगार के भी नए अवसर सृजित हो सकेंगे। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री ने ग्रामीणों को इस पैनोरमा की स्वीकृति के लिए बधाई दी और कहा कि शीघ्र इस कार्य को प्रारंभ करवाया जायेगा। गोदारा ने यहां पौधारोपण भी किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ दुलीचंद मीना और उपखंड अधिकारी बीकानेर कविता गोदारा भी उपस्थित रही।

**पूर्व विधायक व्यास की जयंती पर लघु पुस्तिका का लोकार्पण :** बीकानेर के भूतपूर्व विधायक लोकनायक मुरलीधर व्यास की 106 वीं जयंती के अवसर पर नटवरलाल व्यास वेलफेयर सोसायटी द्वारा 4 जुलाई 2024 को शाम 4:30 बजे आचार्य घाटी के नीचे स्थित अजीत फाउंडेशन में व्यास के जीवन पर लिखी एक संक्षिप्त पुस्तिका लोकार्पण किया जायेगा। इसके बाद भारतीय रेलवे की ट्रेड यूनियन नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के लालगढ़ कार्यशाला शाखा के पदाधिकारीगण तथा बीकानेर शहर के लोकप्रिय उर्दू, हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के कवियों व कवयित्रियों द्वारा भाव्यांजलि व काव्यांजलि के रूप में व्यास को अपनी श्रद्धांजलि सुमन अर्पित करेंगे।

वेलफेयर सोसायटी के संयोजक अविनाश व्यास ने बताया कि मुरलीधर व्यास जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मजदूरों, गरीबों और शोषितों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। वे ऐसे जन नेता थे जो विधायक होकर भी गरीबी में जिए। वे मजदूरों और गरीबों के लिए मसीहा से कम नहीं थे। उनके दुख - तकलीफों को दूर करने हेतु सदैव तत्पर रहते थे।

ऐसे आदर्श नेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को आज का युवा वर्ग पढ़े , जाने और उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज का भला करें। इसलिए वेलफेयर सोसायटी द्वारा भूतपूर्व विधायक लोकनायक मुरलीधर व्यास पर लिखी स्मृति लघु पुस्तिका का निशुल्क वितरण किया जाना तय किया हैं। इच्छुक व्यक्ति इसे 04 जुलाई के दिन कार्यक्रम में आकर प्राप्त कर सकते है।

## आश्वासन पर किसानों का धरना खत्म

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। चूनावढ़ थाना पुलिस की मौजूदगी में सिंचाई विभाग के एक्सईएन, जेईएन व एईन ने धरने पर बैठे किसानों को ज्यूस पिलाकर धरना समाप्त करवाया।

चूनावढ़ के निकट 15 जी व 16 जी छोटी जी सागर वाला माइनर टेल के किसानों द्वारा टेल के काश्तकारों को पूरा पानी देने की मांग को लेकर आठवें दिन चल रहे धरना स्थल पर शनिवार को प्रातः काल ही प्रशासनिक अधिकारियों ने आकर किसानों से समझौता वार्ता की। इस वार्ता में अधिकारियों के ठोस लिखित आश्वासन देने पर किसानों ने अपनी सहमति देते हुए धरने को समाप्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार सुबह नहर में पानी आने पर सिंचाई विभाग के जेईएन रचना रणवा, एईएन रेखा मीणा व अधिशासी अभियंता जल संसाधन दक्षिण खंड श्रीगंगानगर के अधिकारी अजीत गजराज, चूनावढ़ नायब तहसीलदार मोहर चूनावढ़ थाना अधिकारी राजीव रॉयल ने टेल के किसानों से समझौता वार्ता की।

अधिकारी अजीत गजराज ने कहा कि नहर के चलते पानी में हाईडॉलिक डाटा के सर्वे अनुसार मोघों व टेल की जांच करके उसके बाद आवश्यकता अनुसार टेल के किसानों को नियमानुसार पानी देने का लिखित आश्वासन दिया गया। जिस पर किसान सहमत हो गए और उन्होंने टेल माइनर में डाली गई मिट्टी को हटाकर धरना को समाप्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि टेल के किसानों द्वारा तीन से छह जून और 20 जून से 29 जून तक चल रहे धरना स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लिखित समझौता वार्ता की गई।

## सार-समाचार

### निर्वाचन व्यय लेखों का मिलान किया



श्रीगंगानगर में लोकसभा चुनाव अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक को सी.ई.ओ. मृदुल सिंह ने संबोधित किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखों के प्रस्तुतीकरण एवं मिलान के संबंध में निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार लेखा समाधान बैठक रविवार को हुई। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ मृदुल सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु की अध्यक्षता में बैठक जिला परिषद हॉल में हुई। इसमें अभ्यर्थी, अभ्यर्थी अभिकर्ता, सहायक व्यय पर्यवेक्षक (मुख्यालय गंगानगर) एवं लेखा दल के सदस्य मौजूद रहे। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुतीकरण के संबंध में फेसिलिटेशन प्रशिक्षण के पश्चात निर्वाचन व्यय लेखों का मिलान किया गया। इस अवसर पर व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस विवेक परमपूर्णा, व्यय पर्यवेक्षक तेज कुमार एमएस, श्रीमती नीतू अरोड़ा, मनोज मोदी, प्रेमप्रकाश गोयल, कृष्ण कुमार शर्मा, मनोज भाटी, राजीव बंसल, मनदीप सिंह जाखड़, राकेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### निःशुल्क जांच कर परामर्श दिया



हेल्थ कार्नर के तत्वावधान में मुरलीधर व्यास कॉलोनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

**बीकानेर,**(कासं)। चिकित्सक दिवस के उपलक्ष में हेल्थ कार्नर के तत्वावधान में मुरलीधर व्यास कॉलोनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सौ से ज्यादा रोगियों की ब्लड शुगर, कॉलेस्ट्रोल, लिपिड प्रोफाइल, बीपी, यूरिक एसिड की निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में शुगर व मेडिसन स्पेशलिस्ट डॉ रित्विक अग्रवाल ने रोगियों को सलाह दी गई कि नियमित रूप से व्यायाम व पैदल चलने से शुगर सहित अनेक बीमारियों पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस मौके पर चिकित्सकीय स्टाफ मोहित तंवर, पवन सारस्वत, विवेक अग्रवाल, रिजवान, पुखराज, शिव, ललित सेवग सहित अनेक जनों ने सहयोग किया। डॉ अग्रवाल ने बताया कि शिविर में आये मरीजों में 6 जने हाई शुगर तथा 13 जने हाई कोलस्ट्रोल के मरीज पाये गये।

### लैब टैक्नीशियन को प्रशिक्षण

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। ट्रूनोट मशीनों पर टीबी रोग की जांच की बेहतर क्वालिटी एवं कमियों में सुधार को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। श्रीगंगानगर मेडिकल कॉलेज में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी लैब टेक्नीशियन एवं लैब सहायकों को प्रशिक्षित किया गया जो सीबी नॉट लैब में कार्यरत हैं। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य एक्सटर्नल क्वालिटी एश्योरेंस के लिए जांच में आ रही त्रुटियों में सुधार करना है। इसके लिए इंजीनियर ने जांच में आ रही त्रुटियों के कारण एवं सुधार के सिलसिले में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मशीन पर जांच करने का डेमो भी दिया। मशीनों की नियमित रूप से केलीब्रेशन क्लीनिंग के बारे भी जानकारी दी। इसके अलावा सैंपल कलेक्शन, सैंपल प्रोसीजर लेबलिंग आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. पी.के. बेरवाल, डीटीओ डॉ. गुंजन खुंगर, डॉ. सतीश लेघा, डॉ. मनीष छाबड़ा, डॉ. कर्ण शर्मा, डॉ. प्रगति ग्रोवर एवं डॉ. सारांश मित्तल आदि मौजूद थे।

### सामूहिक रूप से देखी ‘मन की बात’

**बीकानेर,**(कासं)। चार महीने बाद पीएम मोदी की ‘मन की बात’ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से देखा। जिला महामंत्री मोहन सुराणा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ एवं पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा के सानिध्य में गंगाशहर भाजपा मंडल से भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से आज मोदी की ‘मन की बात’ कार्यक्रम को बीकानेर जिला सोशल मीडिया संयोजक सीए अंकुश चौपड़ा के गंगाशहर स्थित कार्यालय पर देखा। जिला महामंत्री मोहन सुराणा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के 111वें संस्करण में कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ रविवार को फिर से शुरू हो गया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं मन की बात के माध्यम से एक बार फिर आपके बीच, अपने परिवारजनों के बीच आया हूं। एक बड़ी प्यारी सी उक्ति है ‘इति विदा पुनर्मिलनाय’ इसका अर्थ भी उतना ही प्यारा है, मैं विदा लेता हूं, फिर मिलने के लिए इसी भाव से मैंने फरवरी में आपसे कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद फिर मिलूंगा और आज मन की बात के साथ मैं आपके बीच फिर हाजिर हूं।

# आज से न्याय संहिता में महिला अपराध की धाराओं में बदलाव

**बीकानेर,**(कासं)। देश में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर एक जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू होंगे। नए कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला पुलिस ने भी अभियान तेज कर दिया है।

एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं पर अत्याचार से जुड़ी धाराओं में क्या बदलाव किया गया है।

**पुरानी धारा 376 :** जो कोई, बलात्संग करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन या दस वर्ष तक की हो सकेगी दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

**नई धारा 63 भारतीय न्याय संहिता :** दोनों में से किसी भांति के कठिन कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं होगी, किन्तु जो आजीवन कारावास तक हो सकेगी, दण्डित होगा व जुर्माने का भी दायी होगा।

**पुरानी धारा 304 बी भादसं :** जो कोई दहेज मृत्युकारित करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी दण्डित किया जायेगा।

**नई धारा 80 भारतीय न्याय संहिता :** किसी महिला की दहेज के लिए मृत्यु कारित करने पर कारावास सात वर्ष से कम नहीं होगा परंतु आजीवन कारावास की हो सकेगी।

**पुरानी धारा 354 भादसं :** स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग - जो कोई किसी स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से या यह सम्भाव्य जानते हुए कि वह उसकी लज्जा भंग करेगा, उस स्त्री पर हमला करेगा या आपराधिक बल का प्रयोग करेगा। वह दोनों में से, किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष से कम की नहीं होगी किंतु जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डित किया जायेगा।

**नई धारा 74 भारतीय न्याय संहिता :** महिला की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग करने पर किसी भांति के कारावास जिसकी अवधि एक वर्ष से कम नहीं होगी किंतु जो पांच वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने का भी दायी होगा।

**नई धारा 124 भारतीय न्याय संहिता:** जो कोई किसी व्यक्ति पर एसिड फेंककर क्षति कारित करेगा। कारावास जिसकी अवधि दस वर्ष से कम की नहीं होगी और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

## डॉक्टर्स डे पर रक्तदान शिविर आज

**बीकानेर,**(कासं)। एक जुलाई को डॉक्टर्स डे पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कैम्प लगाया जायेगा जिसमें बीकानेर की अनेक संस्थाओं की सहभागिता रहेगी। ब्लड डोनेशन कैम्प में आम व्यक्ति भी पहुंचकर रक्तदान कर सकता है।

आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राहुल हर्ष ने बताया कि डॉक्टर्स डे पर हर साल आईएमए की ओर से ब्लड डोनेशन कैम्प लगता है। इस बार भी ये कैम्प पीबीएम अस्पताल के ब्लड बैंक में होगा। बीकानेर के अस्पतालों में ब्लड की आवश्यकता हर वक्त रहती है। ऐसे में डॉक्टर्स इस महत्वपूर्ण दिन पर ब्लड डोनेट करके अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। आईएमए के सेक्रेट्री डॉ. हरमीत सिंह ने बताया कि इस बार कैम्प से कई स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ा गया है।

# 222 टीमों ने 372 को किया गिरफ्तार

- **रेंज के 919 स्थानों पर दबिश देकर 372 अपराधियों को पकड़ा**

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर पुलिस रेंज आईजी ओमप्रकाश के निर्देश पर संभाग के चारों जिलों में संगठित अपराध करने वाले गैंगस्टर अथवा उनके सहयोगियों के ठिकानों पर रेड डालने, अन्य वांछित अपराधियों, असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिये एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें थानावार सूचियां तैयार कर दबिश दी गई।

इसमें रेंज के अधीनस्थ चारों जिलों में 942 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 222 टीमों द्वारा 919 स्थानों पर दबिश देकर 372 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 98 स्थाई वारंटी, मफरूर व वांछित शामिल है। वहीं 187 से अधिक ऐसे अपराधी है जो सार्वजनिक शांति भंग मामले में शामिल रहे। इसके अलावा चार हिस्ट्रीशीटर, पांच जघन्य अपराधियों तथा अन्य विभिन्न प्रकरणों में वांछित 17 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

इन टीमों ने 24 अवैध शराब का धंधा करने वालों के विरूद्व परिवाद दर्ज कर 16 अपराधियों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से 121.52 लीटर देशी शराब,92 लीटर हथकढ़ शराब, 750 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद की है। साथ ही 9 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुए है। इनमें 11 गिरफ्तारी कर उनके कब्जे से 19.40 किग्रा डोडा पोस्त,134 ग्राम अफीम,4.414 किग्रा हेरोइन,10 ग्राम चिट्टा,2 ग्राम गांजा व 1400 नशीली टेबलेट बरामद की है। वहीं जुआ-सट्टा एवं अन्य एक्ट में 37 जनों को पकड़ा है। उनसे 57525 रूपये जुआ राशि बरामद की।

# चयनितों को घर बैठे मिलेगा राशन का गेंहू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार की ओर से जुलाई माह से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएसएफए) में कुछ चयनित परिवारों को घर बैठे राशन उपलब्ध करवाया जायेगा।

इसके लिए सरकार ने अपने पहले बजट में इसकी घोषणा की गई थी, जिसकी पालना में यह शुरूआत की जा रही है। योजना के तहत उन परिवारों को घर बैठे राशन गेहूं उपलब्ध करवाया जायेगा। जिनके परिवारों में 18 वर्ष से कम और 60 साल से अधिक आयु के सीनियर सिटीजन या विशेष योग्यजन हैं। खाद्य विभाग के उपायुक्त आशीष वर्मा ने इसको लेकर सभी संबंधित जिला रसद अधिकारियों को राशन को चिन्हित परिवारों को वितरित करने के निर्देश दिए हैं। रसद विभाग के प्रर्वतन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में वर्तमान में तीनों श्रेणियां में परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। गेहूं की डिलीवरी बैग में की जायेगी और इसके लिए राशन डीलर्स को अलग से मानेदय भी मिलेगा।

एक उचित मूल्य की दुकान पर तय की गई श्रेणी के राशन कार्ड की संख्या एक से दो है तो उन्हें 80 रूपए प्रति राशन कार्ड मानेदय मिलेगा। इसी तरह तीन से पांच राशन कार्ड होने पर दो सौ रूपए मानदेय और 6 से 10 राशन कार्ड होने पर 300 रूपए मानदेय मिलेगा। इसी तरह यदि किसी राशन दुकान पर 10 से ज्यादा राशन कार्ड की संख्या है तो ऐसे डीलर्स को 300 रूपए के साथ 20 रूपए अतिरिक्त मानेदय मिलेगा।

## कांग्रेस की समीक्षा बैठक

**बीकानेर,**(कासं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर कांग्रेस की लोकसभा आम चुनाव 2024 चुनाव समीक्षा बैठक 2 जुलाई को सुबह 10.30 बजे बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आहूत की गई है।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित इस समीक्षा बैठक में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी पीसीसी सदस्य, प्रदेष पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, महिला कांग्रेस युथ कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, इंटक सहित सभी विभागों प्रकोष्ठों और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े जिला और प्रदेश पदाधिकारी सादर आमंत्रित है। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा की जायेगी।

# अब ऑनलाइन दर्ज हो सकेगी एफ.आई.आर.

- **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम-व्हाट्सएप से भी दर्ज हो सकेगी एफआईआर**

**बीकानेर,**(कासं)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम-व्हाट्सएप से भी अब एफआईआर दर्ज हो सकेगी। एक जुलाई से देश में नए कानून लागू हो रहे हैं। नए कानून लागू होने के बाद आमजन के लिए ये नई सुविधा शुरू हो जायेगी।

कानूनविज्ञों के अनुसार आमजन को राहत देने के लिए मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासन के कानूनों को सरल करते हुए कुछ पुराने प्रावधानों को और ज्यादा मजबूत बनाया है। ब्रिटिश शासन के कानूनों में दंड दिया जाना प्रमुख रहा था। जबकि नए भारतीय कानूनों में आम आदमी को न्याय मिले, इसको महत्व दिया गया है। एक जुलाई से सीआरपीसी, आईपीसी और साक्ष्य अधिनियम बदलकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (सीआरपीसी), भारतीय न्याय संहिता (आईपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) लागू हो जायेंगे।

इन नए कानूनों के लागू होने के बाद अपराध के खिलाफ देश में किसी भी जगह एफआईआर दर्ज हो सकेगी। दर्ज एफआईआर संबंधित पुलिस थाने में खुद ट्रांसफर हो जायेगी। संबंधित थाने में एफआईआर का नंबर दिया जायेगा। कानूनविज्ञों के अनुसार टेलीग्राम-व्हाट्सएपए ई-मेल से भी एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवाने के बाद 3 दिन के अंदर संबंधित पुलिस थाने में परिवादी को उपस्थित होना होगा और अपने हस्ताक्षर करने होंगे। पीड़ित को जांच के लिए 90 दिनों के अंदर दर्ज एफआईआर पर प्रगति के बारे में पुलिस जानकारी देगी। अगर किसी पीडित की एफआईआर थाने में दर्ज नहीं की जाती है तो पहले की तरह पीड़ित पुलिस अधीक्षक को अपना परिवाद दे सकता है।

# प्रधानमंत्री के आव्हान पर ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान की शुरूआत

**बीकानेर,**(कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘मन की बात’ के 111 वें एपिसोड को जस्सूसर मंडल के कार्यकर्ताओं ने आज चार शक्ति केन्द्रों 4, 5, 6, 6 बी पर लाइव देखा। लाइव के कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत पंडित दीनदयाल पार्क में पेड़ लगाकर की गई।

जस्सूसर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा 2024 लोकसभा चुनाव था। जिसमें 65 करोड़ भारतीयों ने मतदान किया। इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम का उल्लेख किया और भारतवासियों से अपील की है कि वे अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाए।



बीकानेर में जस्सूसर मंडल कार्यकर्ताओं ने ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान की शुरूआत पंडित दीनदयाल पार्क में पेड़ लगाकर की।

इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनियां में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह के साथ मनाया गया।

इस दौरान जस्सूसर मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा, मंडल के महामंत्री बलदेव स्वामी, खेतनाथ, मंडल के उपाध्यक्ष अर्जुन डेलू, चंद्रप्रकाश सुथार, भियाराम जोशी, एस.टी. मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा, पार्षद, सुधा आचार्य, रामचंद्र कुमावत, राकेश सांखला, विमल चौहान, कैलाश तंवर, महावीर ओड, जयकिशन कुमावत, हरिकिशन व्यास, रामसा गहलोत, अतुलानंद स्वामी, राजेन्द्र ओझा आदि मौजूद थे।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘मन की बात’ के 111 वें एपिसोड को जस्सूसर मंडल के कार्यकर्ताओं ने आज चार शक्ति केन्द्रों 4, 5, 6, 6 बी पर लाइव देखा**

# स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी का व्यक्तित्व प्रेरणादायी : जोशी

**बीकानेर,**(कासं)। स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी की 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जुबिली नागरी भण्डार स्थित सुदर्शना कला दीर्घा में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार, कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समीक्षक अशफाक कादरी एवं समारोह के विशिष्ट अतिथि व्यंग्यकार-सम्पादक डॉ. अजय जोशी रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सोनी को जीवन भर सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए नींव के पत्थर की तरह काम करने वाला व्यक्तित्व बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी पहचान छिपाकर काम करने वाले मालचंद सोनी का कृतित्व प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान मालचंद सोनी ने अपना मूल व्यवसाय छोड़कर सड़क पर बैठकर व्यवसाय किया जिससे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए समाचारों का आदान-प्रदान किया जा सके। जोशी ने कहा कि मालचंद सोनी प्रजा परिषद में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे। उन्होंने सदैव दरी बिछाते हुए अपनी दुकान पर आंदोलन के लोगों को आश्रय दिया।




स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने संबोधित किया।